


# Aamir Khan IFFM 2025: ऑस्ट्रेलिया में लहराएगा तिरंगा, Aamir Khan करेंगे मेलबर्न फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व

- प्रीति शुक्ला

ऑस्ट्रेलिया की धरती पर भारतीय सिनेमा की गूंज एक बार फिर सुनाई देने वाली है. अगस्त 2025 में भारतीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM 2025) का भव्य आयोजन होने जा रहा है, जो 14 से 24 अगस्त तक चलेगा. यह महोत्सव भारतीय सिनेमा के रंग और विविध कथाओं का अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्सव है. इस साल के फेस्टिवल का आकर्षण आमिर खान की बतौर मुख्य अतिथि मौजूदगी और कई ऐतिहासिक फिल्मों की स्क्रीनिंग है.


**आमिर खान होंगे मुख्य अतिथि, फहराएंगे तिरंगा**

इस बार सुपरस्टार आमिर खान को आईएफएफएम का मुख्य अतिथि चुना गया है. आमिर न केवल उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मौके पर मेलबर्न में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' भी फहराएंगे. फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने इसे एक भावनात्मक और गर्व का क्षण बताया, जो भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के लिए एकजुटता और सम्मान का प्रतीक होगा. आमिर खान के सिनेमा ने न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में दर्शकों पर गहरा प्रभाव डाला है.




**'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग और आमिर को मिलेगा सम्मान**

फेस्टिवल में आमिर खान की आइकॉनिक फिल्म 'सितारे जमीन पर' (Sitaare Zameen Par) की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की जाएगी. इसके अलावा सिनेमा में उनके अनूठे योगदान को समर्पित एक विशेष सेक्शन भी बनाया गया है, जिसमें आमिर के फिल्मी सफर को सम्मानित किया जाएगा. उनके सिनेमाई नजरिए और समाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों के लिए आयोजक भी बेहद उत्साहित हैं.




**'बदनाम बस्ती' की होगी ऐतिहासिक स्क्रीनिंग**

इस बार फेस्टिवल में प्रेम कपूर द्वारा 1971 में निर्मित फिल्म 'बदनाम बस्ती' (Badnaam Basti) की भी स्क्रीनिंग होगी, जिसे भारत की पहली समलैंगिक (LGBTQ+) फिल्म माना जाता है. यह फिल्म भारतीय समाज में बदलाव और स्वीकृति के प्रतीक के रूप में देखी जाती है और इसे सिनेमा इतिहास के लिहाज से भी अहम माना जाता है.

**75 फिल्मों का होगा चयनित प्रदर्शन**

आईएफएफएम 2025 में करीब 75 भारतीय व अंतरराष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी. ये फिल्में लैंगिक समानता, नस्ल, कामुकता, विकलांगता, महिला प्रतिनिधित्व और विविधता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर करेंगी. फेस्टिवल का हर साल की तरह उद्देश्य भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को विदेशी धरती पर प्रस्तुत करना है. फेस्टिवल डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे कहती हैं कि "हमारे प्रोग्राम में आमिर खान की भागीदारी हमारे लिए गर्व की बात है. फेस्टिवल समानता, विविधता और एकजुटता जैसे मूल्यों का निर्वाह करता है." उन्होंने कहा कि वे सभी दर्शकों का स्वागत करने और भारतीय सिनेमा की इस खूबसूरत यात्रा का गवाह बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं.

